# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था
## Atomic Energy Education Society
### वार्षिक परीक्षा / Annual Examination 2025 - 26

**कक्षा / Class : IX** — **अवधि / Duration :3 घंटे**

**विषय / Subject : हिन्दी** — **अधिकतम अंक / Maximum Marks : 80**

---

**सामान्य निर्देश / General Instructions:**

**(i) इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं-क, ख, ग, घ।**

**(ii) इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**(iii) प्रश्नपत्र में आतंरिक विकल्प दिए गए हैं।**

**(iv) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।**

---

**खंड- क (अपठित बोध)**

**प्रश्न 1.** निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (7)

व्यक्ति एवं समाज दोनों की प्रगति में साहित्य का विशेष हाथ होता है। जिस व्यक्ति का साहित्य जितना समृद्ध होगा, वह व्यक्ति उतना ही शिष्ट एवं सुसंस्कृत होगा। इतना ही नहीं, साहित्य वह दर्पण है, जिसमें व्यक्ति का चरित्र और उसकी संपन्नता प्रतिबिंबित होती है। साहित्य में जीवन के विविध पक्षों को व्यावहारिक रूप में प्रभावित करने की क्षमता है। साहित्य से समाज का विकास होता है, परंतु साथ ही यह भी नितांत सत्य है कि समाज ही साहित्य का विकास करता है। अपने ही देश और अपने ही व्यक्ति का साहित्य जीवन के विकास में सहायक होता है। ज्ञानवर्धन के लिए अन्यान्य देशों के साहित्य का अध्ययन करना उपयोगी हो सकता है, किंतु अपना साहित्य माता की तरह पालन और विकास करने वाला होता है। अतः अपने साहित्य की माता के ही समान सेवा की जानी चाहिए।

ज्ञानराशि के संचित कोष का नाम साहित्य है। कोई भाषा चाहे कितनी ही विकसित क्यों न हो, यदि उसका अपना साहित्य नहीं है, तो वह रूपवती भिखारिन के समान है। साहित्य का मानव-जीवन में अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान है। कारण यह है कि साहित्य में मानव-जीवन ही प्रतिबिंबित

रहता है। साहित्य मानव के ज्ञान का भंडार है। अपने मूल रूप से मानव जिन विचारों और भावों को परंपरा से संचित करता आया है, वे ही भाषा में लिपिबद्ध होकर साहित्य के रूप में संचित होते हैं।

(1) साहित्य को किसका दर्पण कहा गया है? (1)

(क) भाषा का (ख) लिपि का

(ग) समाज का (घ) व्याकरण का

(ii) दूसरे देशों के साहित्य का अध्ययन करना क्यों हितकारी होता है? उचित विकल्प का चयन कीजिए- (1)

(क) ज्ञानवर्धन के लिए (ख) वहाँ की जनता के लाभ के लिए

(ग) वहाँ की राजनीति में हिस्सा लेने के लिए (घ) शिक्षित होने के लिए

विकल्प :

(क) केवल कथन क सही है। (ख) केवल ख तथा घ सही हैं।

(ग) कथन ख तथा ग सही हैं। (घ) कथन ख, ग तथा घ सही हैं।

(iii) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए- (1)

कथन (A) साहित्य का मानव जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है।

कारण (R) मानव जीवन के रूप ,ज्ञान के भंडार ,विचारों और भावों को परंपरा से संचित करना ही साहित्य है।

विकल्प

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण। (R) दोनों गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंत कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(iv) मानव और समाज की उन्नति में किसका विशेष योगदान होता है? स्पष्ट करें। (2)

(v) साहित्य क्या है? (2)

**प्रश्न 2.** निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (7)

अब न गहरी नींद में तुम सो सकोगे,
गीत गाकर मैं जगाने आ रहा हूँ।
अतीत अस्ताचल तुम्हें जाने न दूँगा
अरुण उदयाचल सजाने आ रहा हूँ।
कल्पना में आज तक उड़ते रहे तुम,
साधना से सिहरकर मुड़ते रहे तुम ।
अब तुम्हें आकाश में उड़ने न दूँगा,
आज धरती पर बसाने आ रहा हूँ।
सुख नहीं यह, नींद में सपने संजोना,
दुख नहीं यह, शीश पर गुरु भार ढोना।
शूल तुम जिसको समझते थे अभी तक,
फूल मैं उसको बनाने आ रहा हूँ।...

...देखकर मंझधार को घबरा न जाना,
हाथ ले पतवार को घबरा न जाना।
मैं किनारे पर तुम्हें थकने न दूँगा.
पार मैं तुमको लगाने आ रहा हूँ।
तोड़ दो मन में कसी ये शृंखलाएँ,
तोड़ दो मन में बसी संकीर्णताएँ।
बिंदु बनकर मैं तुम्हें ढलने न दूँगा,
सिंधु बन तुमको उठाने आ रहा हूँ
तुम उठो, धरती उठे नभ शिर उठाए,
तुम चलो गति में नई गति झनझनाए।
विपथ होकर मैं तुम्हें मुड़ने न दूँगा,
प्रगति के पथ पर बढ़ाने आ रहा हूँ।

(i) कविता में मन में बसी क्या तोड़ने की बात की जा रही है? (1)

(क) व्यथा (ख) आलस्यता

(ग) संकीर्णता (घ) प्रगाढ़ता

(ii) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए- (1)

कथन (A): कवि लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

कारण (R) : लोग बहुत जागरूक और साहसी हैं।

विकल्प

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(iii) कवि श्रम और कर्मनिष्ठा से भागने वालों को क्या निर्देश दे रहे हैं? उचित विकल्प का चयन कीजिए- (1)

(1) प्रगति पथ पर बिना विचलित हुए आगे बढ़ते रहो।

(2) श्रम मत करो, मार्ग पर चलते रहो।

(3) श्रम करो, पर एक जगह स्थिर रहो।

(4) प्रगति पथ पर एक निश्चित स्थान पर डटे रहो।

विकल्प

(क) कथन 1 और 2 सही हैं। (ख) कथन 2 और 3 सही हैं।

(ग) केवल कथन 1 सही है। (घ) कथन 3 और 4 सही हैं।

(iv) 'कल्पना में आज तक उड़ते रहे' तुम पंक्ति द्वारा कवि क्या कहना चाहता है? (2)

(v) उपर्युक्त काव्यांश में कवि ने लोगों को किस प्रकार प्रेरित किया है? (2)

## खंड - ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**प्रश्न 3.** निर्देशानुसार अर्थ के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (4x1=4)

1) "काश! मैं पक्षी होता |" वाक्य भेद पहचानकर लिखिए |

2) "तुमने बहुत अच्छा कार्य किया |" इस वाक्य को प्रश्नवाचक वाक्य में बदलिए|

3) "मुझे वह पुस्तक उठा कर दो।" इस वाक्य में अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद लिखिए |

4) जिन वाक्यों में किसी काम के न होने या न करने का बोध हो 'वहाँ' अर्थ की दृष्टि से कौन सा वाक्य भेद होता है?

5) "फसल को पानी मिलेगा, तो उपज अच्छी होगी। यह किस प्रकार का वाक्य है?

**प्रश्न 4.** निर्देशानुसार 'उपसर्ग-प्रत्यय' पर आधारित दिए गए पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (4x1=4)

(क) 'निर्' उपसर्ग से युक्त एक शब्द लिखिए।

(ख) 'प्रयोगशाला' शब्द में निहित उपसर्ग लिखिए।

(ग) 'जहरीला' शब्द में निहित प्रत्यय लिखिए।

(घ) 'आवट' प्रत्यय से युक्त एक शब्द लिखिए।

(ङ) 'कड़वाहट' शब्द में प्रयुक्त मूल शब्द लिखिए।

**प्रश्न 5.** निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित दिए गए पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (4x1=4)

(क) 'देश के लिए भक्ति' समास विग्रह के लिए समस्त पद लिखिए।

(ख) 'प्रतिवर्ष' शब्द में प्रयुक्त समास का भेद लिखिए।

(ग) 'कालापानी' शब्द में निहित समास का भेद लिखिए।

(घ) 'नवरत्न' समस्त पद का विग्रह लिखिए।

(ङ) बहुव्रीहि समास का एक उदाहरण लिखिए।

**प्रश्न 6.** निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों की काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए: (4x1=4)

(क) कानन कुंडल मोर पखा उर पे बनमाल विराजति है |

(ख) पूरी हुई लालसा माँ की, देख लाल-सा लाल।

(ग) तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाए।

(घ) बरस रहा बादलों से जल, फिर भी हृदय मेरा जल रहा।

(ङ) सुबरन को ढूँढत फिरत कवि, व्यभिचारी, चोर।

## खंड - ग (पाठ्यपुस्तक एवं पूरकपुस्तक)

**प्रश्न 7.** निम्नलिखित पठित गद्यांश के आधार पर बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए - (1X5=5)

फिर यहाँ कवि सम्मेलन होने लगे तो हम लोग भी उनमें जाने लगे। हिंदी का उस समय प्रचार-प्रसार था। मैं सन् 1917 में यहाँ आई थी। उसके उपरांत गांधी जी का सत्याग्रह आरंभ हो गया और आनंद भवन स्वतंत्रता के संघर्ष का केंद्र हो गया। जहाँ-तहाँ हिंदी का भी प्रचार चलता था। कवि सम्मेलन होते थे तो क्रास्थवेट से मैडम हमको साथ लेकर जाती थीं। हम कविता सुनाते थे। कभी हरिऔध जी अध्यक्ष होते थे, कभी श्रीधर पाठक होते थे, कभी रत्नाकर जी होते थे, कभी कोई होता था। कब हमारा नाम पुकारा जाए, बेचैनी से सुनते रहते थे। मुझको प्रायः प्रथम पुरस्कार मिलता था। सौ से कम पदक नहीं मिले होंगे उसमें।एक बार की घटना याद आती है कि एक कविता पर मुझे चाँदी का एक कटोरा मिला। बड़ा नक्काशीदार, सुंदर। उस दिन सुभद्रा नहीं गई थीं। सुभद्रा प्रायः नहीं जाती थीं कवि सम्मलेन में। मैंने उनसे आकर कहा, 'देखो, यह मिला।'

क. लेखिका आनंद भवन क्यों जाती थी ?

i) हिंदी का प्रचार-प्रसार करने के लिए। ii) कवि सम्मलेन में भाग लेने के लिए।

iii) कवियों को सुनने और देखने के लिए। iv) आनंद भवन का भ्रमण करने के लिए।

ख. 'आनंद भवन' कवि सम्मेलन के अलावा किस चीज़ का प्रमुख केंद्र बना?

i) कवियों के स्वागत का ii) स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्ष का

iii) स्वतंत्रता आंदोलन के समापन का iv) विद्यालय के कार्यक्रमों का

ग. अपनी कविता सुनाने की बारी का इंतज़ार, लेखिका की/के ----------- कारण होता था।

i) क्रोध का ii) उत्साह का

iii) दुख का iv) बेचैनी का

घ. 'मुझको प्रायः प्रथम पुरस्कार मिलता था।' गद्यांश के अनुसार पंक्ति का आशय है-

i) लेखिका कक्षा में अधिकतर प्रथम आती थी।

ii) लेखिका कवि सम्मलेन में अधिकतर प्रथम आती थी।

iii) लेखिका कक्षा में कभी-कभी प्रथम आती थी।

iv) लेखिका कवि सम्मलेन कभी-कभी प्रथम आती थी।

ङ. लेखिका को चाँदी का कटोरा किसलिए मिला था ?

i) सत्याग्रह में भाग लेने के लिए ii) पहली कमाई के रूप में

iii) निर्धनता के कारण दान में iv) कविता के लिए उपहार में

**प्रश्न 8.** गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए । (2x3=6)

क. 'प्रेमचंद के फटे जूते' व्यंग्य पढ़ने के बाद आपको प्रेमचंद किस तरह के व्यक्ति नज़र आते हैं? विचार करते हुए लिखिए।

ख. सालिम अली की तुलना टापू से न करके अथाह सागर से क्यों की गई है? टिप्पणी कीजिए।

ग. लेखक ने उपभोक्तावाद की संस्कृति को हमारे समाज के लिए चुनौती किस आधार पर माना है ?

घ. लेखिका महादेवी वर्मा उर्दू फारसी क्यों नहीं सीख पाईं ?

**प्रश्न 9.** निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1X5=5)

हँसमुख हरियाली हिम-आतप
सुख से अलसाए-से सोए,
भीगी अँधियाली में निशि की
तारक स्वप्नों में-से खोए-
मरकत डिब्बे सा खुला ग्राम-
जिस पर नीलम नभ आच्छादन-
निरुपम हिमांत में स्निग्ध शांत
निज शोभा से हरता जन मन !

क. हरियाली की तरह कौन अलसाकर सो गई है ?

i) सर्दी की ओस
ii) सर्दी की धूप
iii) सर्दी की हवा
iv) सर्दी की सुबह

ख. निम्नलिखित में से किस पंक्ति में पन्ना नामक रत्न का वर्णन आया है?

i) मरकत डिब्बे सा खुला ग्राम-
ii) जिस पर नीलम नभ आच्छादन-
iii) निरुपम हिमांत में स्निग्ध शांत
iv) निज शोभा से हरता जन मन!

ग. गाँव को किसने अपने आवरण से ढक दिया है?

i) सुंदर तारों ने
ii) विशाल सूर्य ने
iii) नीले आकाश ने
iv) लाल आकाश ने

घ. पद्यांश में वर्णित सौंदर्य का सामान्य जन के मन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है?

i) मन को आकर्षित कर रहा है।
ii) मन को परेशान कर रहा है।
iii) मन को भयभीत कर रहा है।
iv) मन को दुख से भर रहा है।

ङ. उपर्युक्त पद्यांश में वर्णन किया जा रहा है -

i) गाँव के प्राकृतिक सौंदर्य का | ii) पर्वत के प्राकृतिक सौंदर्य का

iii) नगर के प्राकृतिक सौंदर्य का | iv) वन के प्राकृतिक सौंदर्य का

**प्रश्न 10.** पद्‌य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए । (2x3=6)

क. लता ने बादल रूपी मेहमान को किस तरह देखा और क्यों? मेघ आए पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

ख. 'कैदी और कोकिला' पाठ में किस शासन की तुलना तम के प्रभाव से की गई है, और क्यों?

ग. कबीर ने ईश्वर को सब “स्वाँसों की स्वाँस में” क्यों कहा है ?

घ. सुविधा और मनोरंजन के उपकरणों से बच्चे वंचित क्यों हैं? बच्चे काम पर जा रहे हैं पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 11.** पूरक पाठ्‌यपुस्तक के पाठों पर आधारित पर निम्नलिखित 3 प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए- (4x2=8)

क. जब लेखक को यह अहसास हुआ कि उसके इलाके में भी पानी घुसने की संभावना है तो उसने क्या-क्या प्रबंध किए ? 'इस जल प्रलय में' पाठ के आधार पर लिखिए।

ख. अपनी बेटी का रिश्ता तय करने के लिए रामस्वरूप उमा से जिस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा कर रहे हैं, वह उचित क्यों नहीं है? रीढ़ की हड्डी पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए ।

ग. लेखिका ने अपनी नानी को कभी देखा भी नहीं फिर भी उनके व्यक्तित्व से वे क्यों प्रभावित थीं ? मेरे संग की औरतें पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

## खंड - घ (रचनात्मक लेखन)

**प्रश्न 12.**निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (6x1=6)

**क. अपने लिए जिए तो क्या जिए**

- मानव जीवन में परहित का भाव
- वर्तमान जीवन आत्म केन्द्रित
- प्रेम तथा सद्‌भावना का महत्व
- सर्वकल्याण में आत्मिक सुख

**ख. इंटरनेट - नए संसार का प्रवेश द्वार**

- भूमिका
- ज्ञान का भण्डार
- दैनिक जीवन को सुलभ बनाया
- भविष्य इंटरनेट का

**ग. जीवन में अच्छे मित्रों का महत्त्व**

- जीवन में मित्रता का महत्त्व
- अच्छे मित्र के गुण और संगति का असर
- जीवन के कठिन समय में सहायता करना
- विश्वास और भावनात्मक सहयोग की भावना

**प्रश्न 13.** किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए- (5)

क. आपका नाम मोहित/मोहिता है। अपने क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति पर किसी दैनिक समाचार पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए।

***अथवा***

ख. आप डी०ए०वी० स्कूल, अ०ब०स० नगर के छात्रावास में रहने वाले मयंक/मनिका हैं। आपके विद्यालय में खेल-दिवस का आयोजन किया गया था। यह आप सभी साथियों के लिए उत्साह एवं उल्लास से परिपूर्ण रहा। इस अवसर के अनुभव बताते हुए पिता जी को पत्र लिखिए।

**प्रश्न 14.**

क. दिए गए संकेतों के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए- (5)

**संकेतः** बच्चे का हमेशा मोबाइल में व्यस्त रहना, पढ़ाई में पीछे होते जाना, घंटों ऑनलाइन खेल की आदत, माता-पिता से बात न करना, सहपाठियों द्वारा मज़ाक, एहसास होना।

***अथवा***

ख. अपने क्षेत्र में जल भराव की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए अपने शहर के नगर निगम/ नगरपालिका को 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।

**प्रश्न 15.** क. विद्यालय के खेल सचिव की ओर से 80 शब्दों में यह सूचना प्रस्तुत कीजिए कि अगले सप्ताह नवीं और दसवीं कक्षा के बच्चों के बीच अंतर विद्यालय क्रिकेट मैच का आयोजन होगा इसलिए अधिक से अधिक छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य है। (4)

***अथवा***

ख. तेज गति से दुपहिया वाहन चलाने से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए दो अभिभावकों की बातचीत का संवाद लेखन कीजिए |

*****